शिक्षक दिवस ▶ शिक्षक दिवस पर आज होंगे विविध आयोजन

# शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं



**नवभारत, जबलपुर।** भारत के पहले उपराष्ट्रपति और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। इस दिन का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान और उनके योगदान की सराहना करना है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और इस दिन उनकी भूमिका को मान्यता देने के लिए विशेष आयोजन किए जाते हैं। शिक्षक दिवस पर आज पूरे शहर के स्कूल- कॉलेज में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसके साथ ही गुरुवार को कई स्कूल- कॉलेजों में शिक्षकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मॉडल स्कूल के बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं को ग्रीटिंग पेन और गुलदस्ता लेकर शिक्षक दिवस मनाया।

### शिक्षकों को समर्पित होंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

शिक्षक दिवस पर विभिन्न प्रकार के आयोजन होंगे,जो शिक्षक समुदाय को सम्मानित करने और उनकी मेहनत की सराहना करने के लिए होते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं, जिसमें शिक्षक दिवस के महत्व पर भाषण दिए जाते हैं और शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा संगीत, नृत्य, और नाटक जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाती हैं, जो शिक्षकों को समर्पित होती हैं।

### विशेष सम्मान समारोह एवं कार्यशाला

शिक्षकों को उनके समर्पण और योगदान के लिए मान्यता और सराहना करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को प्रशंसा पत्र, पुरस्कार, और उपहार दिए जाते हैं। कुछ संस्थानों द्वारा श्रेष्ठ शिक्षकों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जो उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए होते हैं। इसके अलावा आज शिक्षकों के पेशेवर विकास के लिए कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित होंगे।

### शिक्षक भविष्य के निर्माता



डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सिविल लाइन स्थित वेब मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ,इस अवसर पर सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दीपांकर बैनर्जी ने कहा शिक्षक समाज के रचनाकार होते हैं, जो शिष्य से समाज और समाज से संस्कृति का निर्माण करता है, वह भविष्य के निर्माता भी हैं।इस अवसर पर प्राचार्य रुपा बैनर्जी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सिर्फ जानकारी नहीं, संस्कार शिक्षा को पूर्ण बनाते हैं



प्रेमनगर स्थित शिव उपहार भवन में ज्ञान और संस्कार, समग्र शिक्षा के दो आधार विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, शिक्षाविदों और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने कहा कि ज्ञान से हम बुद्धिमान बनते हैं, लेकिन संस्कार हमें महान बनाते हैं। यदि विद्यार्थियों को केवल जानकारी दी जाए परन्तु मूल्य न दिए जाएँ, तो वे जीवन की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएँगे। ब्रह्माकुमारी संस्था की वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा, वर्तमान समय में शिक्षा को संस्कारमूलक बनाना सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर शिक्षाविदों की सहभागितातनुश्री सिंह, अनीता बब्बर , डीन जेएनकेविवि, ब्रह्माकुमारी आरती आदि उपस्थित थे।

### संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ कर किया शिक्षकों को नमन



संत अलॉएसियस स्कूल पोलीपाथर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रबंधन फादर एम स्टेनलिन, शाला प्राचार्या जेस्सी अनिल शाला उपचार्य डेनिस पैट्रिक और शिक्षकों द्वारा की गई। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिनमें नृत्य, नाटक और गीत शामिल थे। छात्रों ने संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ कर समस्त शिक्षकों को नमन किया। एक विशेष नाटक के माध्यम से छात्रों ने एक आदर्श शिक्षक की भूमिका को उजागर किया। कुछ विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के अनुभव और प्रेरणादायक शिक्षाओं को साझा किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। छात्रों को शिक्षक के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

### विकलांग सेवा भारती में शिक्षकों का सम्मान



विकलांग सेवा भारती, स्नेह नगर एक्सटेंशन, जबलपुर में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकलांग सेवा भारती के विशेष शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन एवं उनके जीवनसाथी जो शिक्षक हैं, उन्हें भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाकौशल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रिंकू रघुवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर की अध्यक्ष मिताली बनर्जी,सचिव रुपेश राय, अध्यक्ष सरंग भिड़े, अंकिता तिवारी, सरिता सिंह राजपूत , महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष प्रीति बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

## आतिशबाजी से करें परहेज, जुलूस में बड़े झंडे न लहराएं : मुफ्ती ए आज़म

▶ ईद मिलादुन्नबी आज

**जबलपुर।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का योमें विलादत जश्ने ईद मिलाद उन नबी आज जुमा को मुस्लिम धर्मालम्बियों द्वारा अकीदत से मनाया जाएगा। मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने एक बयान मे कहा है कि ईद मिलादुन्नबी पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम के योमें विलादत का जश्न है। इस मुबारक मौके पर अकीदत व मुहब्बत का इजहार करना चाहिए। मौलाना साहब ने कहा है कि चूंकि इस साल जुलूस ए मुहम्मदी जुमा को है इसलिए जुमे की नमाज शहर की सभी मस्जिदों में दोपहर एक बजे अदा की जाए और ठीक 2 बजे जुलूस ए मुहम्मदी निकाला जाए ताकि जुलूस का समापन शाम 5 बजे तक अंजुमन स्कूल मढ़ाताल में हो जाए। मौलाना साहब ने हिदायत दी है कि जुलूसे मुहम्मदी मे सरों पर टोपियां लगाकर शरीक हो और दरुद व सलाम पेश करते चले एवं बड़े झंडे जुलूस में हरगिज न लहराए बड़े झंडे की जगह छोटे झंडे का इस्तेमाल करें ! जुलूस में अमन शांति कायम रखे। जुलूस में खास तौर पर आतिशबाजी बिल्कुल न करे। मुफ्ती ए आजम ने जिला प्रशासन से जुलूस में शांति व्यवस्था हेतु माकूल इंतेजाम करने की अपील की है।जुलूस ए मुहम्मदी-बज्म-ए-गुलशन-ए-मदीना के संयोजन में जुलूस-ए-मुहम्मदी का आरंभ नया मुहल्ला हुसैन चौक से होगा। जुलूस कि कयादत मुफ्ती-ए-आजम मध्य प्रदेश व मौलाना इनामुल हक कादरी बुरहानी करेंगे। जिसके उपरांत अपने परंपरागत प्रमुख मार्गों से गश्त करते हुए जुलूस अंजुमन स्कूल मढ़ाताल पहुंचेगा जहां मुफ्ती ए आज़म मुस्लिम समुदाय को संबोधित करेंगे जिसके बाद बज्मआत असर की नमाज अदा की जाएगी !

### गुलशने मदीना के तत्वावधान में नूरानी जलसा



बज्मे गुलशने मदीना द्वारा श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के तहत बुधवार को रात्रि 9 बजे हुसैन चौक, नया मोहल्ला में %जल्सा-ए-खिताबत% का आयोजन किया गया। इस नूरानी जलसे का आयोजन शुभारंभ मुफ्ती फैजान रजा और हाफिज सलाउद्दीन द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत से हुआ। इसके बाद, नागपुर से आए मौलाना फारुख खान रजवी साहब, अपनी ईमान अफरोज तकरीर बयान फरमाई। बज्म के अध्यक्ष खालिद मुबीन ने मुफ्ती साहब का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इनके साथ ही मुफ्ती नईम अख्तर कादरी एवं मौलाना तारिक रजा ने भी अपने बयान पेश किये। इस दौरान हाजी सलीमउद्दीन, हाजी अशरार, हाजी मुन्ना, हाफिज इस्तियाक, मुख्तार बाबा, नकी खान सहित सेंकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

## एक नजर में



### अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** 47वीं अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर द्वारा तरंणताल रामपुर में आयोजित किया गया । जिसमें मध्य प्रदेश विद्युत विभाग के 7 क्षेत्र, से आए खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया । जिसमें फ्री-स्टाइल , बेक स्ट्रोक , बटरफ्लाई, व्यक्तिगत एवं टीम मिडले रिले तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का समापन समारोह 4 सितम्बर को मुख्य अतिथि संपदा सराफ गुर्जर, मुख्य महाप्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.के. भागवतकर, जी.डी. वाश्निक, विक्रम भास्कर, एस.के. गिरिया, प्रद्युम्न अग्रवाल, अरविंद सक्सेना एवं सी.एम.एस. यादव उपस्थित रहे । अलग - अलग स्पर्धाओं में विभिन्न क्षेत्र से आई टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया । जिसमें सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर बिरसिंहपुर टीम द्वितीय स्थान पर रही एवं खंडवा टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।संपूर्ण प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर की अध्यक्षता में नीरज कुचया, अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) वृत्त, जबलपुर द्वारा संपन्न कराया गया ।



### विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

**जबलपुर।** जश्न ईद मिलादुन्नबी के मुबारक़ मौक़े पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों की जिन्दगी बचाने के लिए किया गया। पैग़म्बर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत की खुशी में रक्तदान कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जितेन्द्र जामदार, पूर्व नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर, डॉ राजीव बडेरिया, समाज सेवी मज़हर उस्मानी, अंसारी समाज सरदार हकीम बाबा एवं इलियास अंसारी, असगर अंसारी,हाजी फरहत कुरैशी,शम्सुल हसन,नौशाद बक्स, गुलाम नबी, नसीम अंसारी नौशाद अंसारी, असहाब अंसारी, मारूफ, सोहेल,तौकीर, राजू आज़ाद, अकरम अंसारी,भोला सोहेल,आसिफ अंसारी आदि सैकड़ो साथी शामिल हुए।

### शूटिंग प्रतियोगिता में चैतन्य वीर ने जीता गोल्ड व सिल्वर



**जबलपुर।** शहर के शूटर चैतन्य वीर दुबे ने शासन द्वारा आयोजित एसजीएफआई शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 में गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। जिला स्तरीय अंडर 17 वर्ग (पीप साईट) 10 मीटर राइफल शूटिंग में गोल्ड तथा संभाग स्तरीय में सिल्वर मेडल जीता है। इसके साथ ही राजस्थान में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड (टीम) मेडल तथा जेएसएससी इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल अपने नाम दर्ज किया है। गुरुवार को आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी मधुमिता हाजिरा, पूर्व राष्ट्रीय खोखो खिलाड़ी चंद्र शेखर स्वामी, चेयर पर्सन मधु जायसवाल, प्रिंसिपल मनमीत कोहली ने चैतन्य वीर दुबे को गोल्ड तथा सिल्वर मेडल प्रदान किया। चैतन्य वीर स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10 के छात्र है, जो जीएफजी शूटिंग अकादमी में निशांत नाथवानी, शक्ति चक्रवर्ती एवं संगीता पासी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## आत्मा शुद्ध है और उसी में आनंद है : समयसाग़र

▶ पर्यूषण पर्व का आठवाँ दिन, उत्तम त्याग धर्म



**जबलपुर।** डी. एन. जैन महाविद्यालय परिसर में आयोजित दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण पर्व के आठवें दिन आचार्यश्री समयसागर महाराज ने उत्तम त्याग धर्म पर अपना मंगल प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में त्याग किसका करना है और क्या ग्रहण करना है, यही सबसे बड़ा प्रश्न है। जब तक मन में अशांति और लालसा बनी रहती है, तब तक त्याग का सही निर्णय करना कठिन हो जाता है। जो व्यक्ति भोग-विलास और विषयों में आनंद खोजता है, उसके लिए त्याग का मार्ग सरल नहीं होता। गुरुदेव ने समझाया कि आत्मा शुद्ध है और उसी में आनंद है। बाहर की वस्तुएँ, जो केवल इंद्रियों को भाती हैं, वे कभी स्थायी सुख नहीं दे सकतीं। एक ही वस्तु, दृष्टि के भेद से, कभी मोक्ष का साधन बन सकती है तो कभी बंधन का कारण। इसलिए धर्म हमें भोग की ओर नहीं, बल्कि त्याग की ओर ले जाता है। धर्मसभा के प्रारंभ में श्रावक श्रेष्ठी सुभाष जैन (मुंबई), आदित्य जैन, अजय क्षमा एवं संजीव चौधरी , रायसेठ चंद्र कुमार, सुधीर जैन ने आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और आचार्यश्री समयसागर महाराज का पाद प्रक्षालन किया। कार्यक्रम का संचालन विनय भैया और अमित पड़रिया ने किया।

## भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की महाआरती

**जबलपुर।** धनगर यादव समाज के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की महाआरती का आयोजन धनगर यादव समाज की प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव द्वारा किया गया । जिसमें अतिथि के रूप में दिलीप यादव सेवानिवृत्ति लेखा अधिकारी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एवं कैलाश यादव समाजसेवी एवं पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय यादव महासभा जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। साथ ही धनगर यादव समाज के भव्य सामाजिक भवन में श्री बजरंग कला मंदिर के द्वारा विराजे भगवान श्री गणपति महाराज को 56 भोग लगाया गया। कार्यक्रम में रघुनाथ यादव , पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, खेमचंद धनगर झलकन यादव , सुरेश यादव,राजकुमार यादव ,विनोद यादव जगदीश यादव,,कृष्ण कुमार यादव ,अरुण यादव अरविंद यादव, अजीत यादव, संतोष यादव, संजू पूरन लाल, यादव ,राकेश धनगर ,धीरज यादव ,सौरव यादव ,अमरचंद यादव ,प्रमोद यादव आदि बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## माता मरियम के प्रति मानव जाति का अपार प्रेम और विश्वास

**जबलपुर।** निर्मला चर्च में स्वास्थ्य की माता मरियम के आदर में नवीन प्रार्थना का छठवें दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य याजक फा. आरोग्य राजा, प्राचार्य सेंट अलायसिस स्कूल, गौर, ने ध्वजारोहण एवं मिस्सा बलिदान अर्पित कर किया। फादर ने कहा कि माता मरियम से हमने अपनी प्रार्थनाओं में, जब भी कुछ मांगा है, माता ने सदैव हमें प्रदान किया। ऐसा हमेशा देखा गया है कि, माता के तीर्थ स्थल में श्रद्धालुओं की संख्या सदैव रहती है, जिसका कारण यह है की, माता मरियम के प्रति मानव जाति का अपार प्रेम और विश्वास। हमारे दुखों एवं तकलीफों का निवारण माता के चरणों पर अपनी समस्याएं रखने मात्रा से ही जाती है। गुरुवार का आयोजन इंडस्ट्रियल कॉलोनी एवं पुलिस लाइन के विश्वासियों द्वारा किया गया, जिसमें पल्ली परिषद के पुष्पराज बर्नार्ड, रुपेश गायकवाड एवं क्षेत्र वासियों का सहयोग रहा। आज नवीन प्रार्थना का सातवां दिवस शीतला माई मेन रोड, बाई का बगीचा, के विश्वासियों द्वारा आयोजित किया जाएगा। पल्ली पुरोहित फा. फ्रांसिस जेवियर, सचिव शैलेश जॉर्ज संयोजक क्लेमेंट पायस,रवीश चार्ल्स, फ्रांसिस मारियन एवं पल्ली परिषद के सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर आत्मिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## डीआरयूसीसी सदस्यों ने यात्री सुविधाओं को लेकर दिए सुझाव

▶ जबलपुर रेल मंडल में डीआरयूसीसी बैठक आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की 153वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की। बैठक में डीआरयूसीसी के कुल 15 सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जबलपुर मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस बैठक में जबलपुर से अखिल मिश्र, पियूष शर्मा, दामोदर करोसिया, आदि जिलों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित यात्री सुविधाओं के विकास और यात्रियों की मांगों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इनमें प्रमुख रूप से गाड़ियों के समय परिवर्तन तथा ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने, कोचों की संख्या बढ़ाने, ट्रेनों के फेरे बढ़ाये जाने एवं नई ट्रेन चलाए जाने का सुझाव शामिल थे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बैठक में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा एवं शशांक गुप्ता के साथ ही वरिष्ठ शाखा अधिकारी रामबदन मिश्रा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), स्वप्निल पाटिल वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), मुनव्वर खान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, सर्वेश ठाकुर वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, नितेश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मृत्युंजय कुमार मंडल परिचालन प्रबंधक, मंटू कुमार वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर), आकाश तिवारी मंडल अभियंता (पूर्व) उपस्थित रहे।

### माय फेवरेट सांग कार्यक्रम 8 को

**जबलपुर।** रामेश्वरम म्यूजिकल ग्रुप की माय फेवरेट सांग का कार्यक्रम 8 सितंबर 2025 को दत्त मंदिर अनुसुइया हाल में शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजक अश्वनी पापरीकर, प्रेरणाश्रोत राजेश्वर राव ने सभी श्रोताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### सदाबहार गीतों का कार्यक्रम आज

**जबलपुर ।** सप्तक कराओके सेंटर द्वारा सदाबहार गीतों का कार्यक्रम आज शाम 6 बजे श्री दत्त मंदिर स्थित अनुसुइया हॉल में आयोजित किया जाएगा। जबलपुर संस्कारधानी के गणमान्य श्रोताओं एवं संगीत प्रेमियों से उपस्थित की अपील की है।

निरीक्षण ▶ एसपी की पाठशाला, लर्निंग सैंटर, संचालित घृति, कैंटीन का लिया जायजा

## महिलाएं-बच्चे तकनीकी ज्ञान के साथ कौशल विकास में सक्षम बनें : आईजी



**जबलपुर।** पुलिस कल्याणकारी अन्य गतिविधियों को संचालित किया जाएं ताकि पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों को और अधिक तकनीकी ज्ञान एंव कौशल विकास मे सक्षम बनाया जा सके। पुलिस परिवार की गृहणी महिलाओं को अर्थिक सक्षम करने व्यवसायिक शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के साथ महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के छोटे बच्चों के लिए पालनागृह जैसी सुविधा उपलब्ध करायें।

ये बातें पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा ने पुलिस कल्याणकारी योजना अंतर्गत पुलिस लाईन जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पुलिस परिवार एवं गरीब बच्चों संचालित एसपी की पाठशाला, पुलिस परिवार के बच्चों के लिये संचालित दिशा लर्निंग सैंटर, महिलाओं के लिये संचालित घृति, कैंटीन, आदि का निरीक्षण करते हुये कहीं। उन्होंने अधिक कल्याणकारी योजनायें संचालित करने निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय उपस्थित रहे। पुलिस लाईन में पुलिस परिवार, गरीब तबके के ऐसे बच्चें जो प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके लिये नि:शुल्क कोचिंग एस.पी. की पाठशाला संचालित की जा रही है। लगातार एस.पी. की पाठशाला में अध्यनरत कई अभ्यार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है। इसके अलावा लर्निंग सैंटर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के बच्चें, बच्चियां लाभ लेकर अपने ज्ञान व कौशल का उन्नयन करते है दिशा लर्निंग सेंटर सर्वसुविधा युक्त है, लर्निंग सेंटर में लायब्रेरी के साथ साथ कम्प्यूटर के बेसिक फंग्शन जैसे एम.एस. वर्ड, एक्सल, पावर प्वाईट, हिंदी, इंग्लिश टायपिंग सीखने के लिये कम्प्यूटर की व्यवस्था के साथ साथ इंटरनेट कनैक्शन की भी सुविधा रखी गयी है जिससे बच्चे ऑन लाईन सब्जैक्ट से सम्बंधित जानकारियॉ सर्च कर सकते है। इसके अलावा लर्निंग सैंटर की लाइब्रेरी में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी से सम्बंधित किताबो के साथ-साथ कोचिंग संस्थानों के एजूकेशनल नोट्स एवं किताबों को रखा गया है जिसका लाभ पुलिस परिवार के बच्चों को मिल रहा है। सैन्ट्रल पुलिस कैन्ट्रीन में किफायती दरों पर आर्मी कैन्ट्रीन की तरह ही समानो की कीमत रखी गयी है। सैंटल पुलिस कैन्टीन पुलिस की सभी यूनिट जैसे जिला पुलिस, जी.आर.पी., एसएएफ, होमगार्ड, के लिये है । कैन्टीन में सभी प्रकार का घरेलू सामान उपलब्ध है।